Downloaded From : http://cbseportal.com/

## PART—III / भाग—III

### ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

***Directions :*** Answer the following questions by selecting the *most appropriate option.*

**61.** Select the true statements from the following :

I. Elephants love to play with muddy water as it keeps their skin cool.

II. Most elephants like to take rest and sleep nearly 10 hours a day.

III. A three-month-old elephant weighs about 200 kg.

IV. Most adult elephants eat about 100 kg of leaves/twigs in one day.

(1) II and IV only

(2) I and IV only

(3) I, III and IV

(4) I and II only

**62.** Select the correct statements about Madhubani paintings :

A. To make these paintings, indigo, turmeric, colours from flowers and trees, etc., are used.

B. The paintings show human beings, animals, trees, flowers, birds, fish, etc.

C. It is a very old form of folk art and is named after the place Madhubani.

D. Madhubani is a well-known district of Rajasthan.

(1) A, C and D

(2) A, B and D

(3) B, C and D

(4) A, B and C

***निर्देश :*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित विकल्प** चुनिए।

**61.** निम्नलिखित में से सत्य कथन चुनिए :

I. हाथी गदले पानी में खेलना पसन्द करते हैं, क्योंकि इससे इनके शरीर को ठंडक मिलती है।

II. अधिकांश हाथी दिन में लगभग 10 घण्टे आराम करना और सोना पसन्द करते हैं।

III. तीन महीने के हाथी के बच्चे का वजन लगभग 200 किलोग्राम होता है।

IV. अधिकांश बड़े हाथी एक दिन में लगभग 100 किलोग्राम पत्ते/झाड़ियाँ खा लेते हैं।

(1) केवल II और IV

(2) केवल I और IV

(3) I, III और IV

(4) केवल I और II

**62.** मधुबनी चित्रकला के बारे में सही कथन चुनिए :

A. इन चित्रों को बनाने में नील, हल्दी, फूल-पेड़ों के रंग आदि का इस्तेमाल किया जाता है।

B. इन चित्रों में इंसान, जानवर, पेड़, फूल, पंछी, मछलियाँ आदि दिखाए जाते हैं।

C. यह लोक चित्रकला बहुत पुरानी है और इसका नाम मधुबनी नामक स्थान के नाम पर पड़ा।

D. मधुबनी राजस्थान का अति-प्रसिद्ध जिला है।

(1) A, C और D

(2) A, B और D

(3) B, C और D

(4) A, B और C



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**63.** A bird makes its nest high up on a tree. This bird could be

(1) Sunbird

(2) Indian Robin

(3) Crow

(4) Dove

**64.** Pochampally is a village which is famous for the special cloth which is also called Pochampally. This village is a part of

(1) Kerala

(2) Karnataka

(3) Andhra Pradesh

(4) Tamil Nadu

**65.** Select the correct statements about 'Desert Oak' :

A. It is a tree found in Australia.

B. This is a special kind of tree which has its roots growing from its branches.

C. The roots of this tree go deep into the ground till they reach water.

D. This tree stores water in its trunk. Local people use thin pipe to drink this water.

(1) A, B and D

(2) A, C and D

(3) B, C and D

(4) A, B and C

**63.** कोई पक्षी पेड़ की ऊँची डाल पर अपना घोंसला बनाता है। यह पक्षी हो सकता है

(1) शकरख़ोरा

(2) कलचिड़ी

(3) कौआ

(4) फ़ाख़्ता

**64.** पोचमपल्ली एक गाँव है। यह गाँव एक विशेष प्रकार के कपड़े की बुनाई के लिए प्रसिद्ध है और इसे भी पोचमपल्ली ही कहते हैं। यह गाँव निम्नलिखित में से किसका भाग है?

(1) केरल

(2) कर्नाटक

(3) आंध्र प्रदेश

(4) तमिलनाडु

**65.** 'रेगिस्तानी ओक' के बारे में सही कथन चुनिए :

A. यह पेड़ ऑस्ट्रेलिया में पाया जाता है।

B. यह एक विशेष प्रकार का पेड़ है, जिसकी जड़ें टहनियों से लटकती हैं।

C. इस पेड़ की जड़ें जमीन में उस गहराई तक जाती हैं, जब तक कि पानी तक न पहुँच जाएँ।

D. इस पेड़ के तने में पानी जमा होता रहता है और स्थानीय लोग पतले पाइप का उपयोग करके इस पानी को पीते हैं।

(1) A, B और D

(2) A, C और D

(3) B, C और D

(4) A, B और C



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**66.** Select the correct statements about Abu Dhabi :

A. It is located in desert area.

B. Water is costlier than petrol in Abu Dhabi.

C. Arabic is the local language here.

D. Money used in Abu Dhabi is called Dinar.

(1) A, B and D

(2) A, C and D

(3) B, C and D

(4) A, B and C

**67.** There are animals that awake at night. These animals can see things only in

(1) violet and blue colours

(2) green and yellow colours

(3) black and white colours

(4) red and orange colours

**68.** Here in Fig. I, a 24-hour clock is shown and in Fig. II and Fig. III, sleeping times of two animals $X$ and $Y$ are shown by shaded portions. Select the correct statement about the sleeping times of $X$ and $Y$ :





Fig. I Fig. II Fig. III

(1) $X$ sleeps for 20 hours while $Y$ sleeps for 18 hours

(2) $X$ sleeps for 18 hours while $Y$ sleeps for 4 hours

(3) $X$ sleeps for 4 hours while $Y$ sleeps for 18 hours

(4) $X$ sleeps for 4 hours while $Y$ sleeps for 20 hours

**66.** अबू धाबी के विषय में सही कथन चुनिए :

A. यह रेगिस्तानी इलाके में है।

B. अबू धाबी में पानी पेट्रोल से महँगा है।

C. यहाँ की स्थानीय भाषा अरबी है।

D. अबू धाबी की मुद्रा (रुपये) को दीनार कहते हैं।

(1) A, B और D

(2) A, C और D

(3) B, C और D

(4) A, B और C

**67.** कुछ जानवर रात में जागते हैं। ये जानवर हर चीज़ को जिन रंगों में देखते हैं, वे हैं


(1) बैंगनी और नीला

(2) हरा और पीला

(3) काला और सफेद

(4) लाल और संतरी

**68.** नीचे चित्र I में 24 घण्टे की घड़ी दिखाई गयी है तथा चित्र II व चित्र III में दो जानवरों $X$ और $Y$ के सोने के समय छायांकित भाग से दिखाए गए हैं। $X$ तथा $Y$ के सोने के समय के बारे में सही कथन चुनिए :




चित्र I चित्र II चित्र III

(1) $X$ बीस घण्टे सोता है जबकि $Y$ अठारह घण्टे सोता है

(2) $X$ अठारह घण्टे सोता है जबकि $Y$ चार घण्टे सोता है

(3) $X$ चार घण्टे सोता है जबकि $Y$ अठारह घण्टे सोता है

(4) $X$ चार घण्टे सोता है जबकि $Y$ बीस घण्टे सोता है



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**69.** What is the Dead Sea?

(1) A sea whose water is poisonous

(2) A sea which is saltiest of all oceans and seas

(3) A sea in which high and low tides are very frequent

(4) A sea in which it is dangerous to sail ships

**69.** मृत सागर क्या है?

(1) ऐसा सागर जिसका पानी जहरीला होता है

(2) ऐसा सागर जो सभी महासागरों व सागरों से ज्यादा नमकीन है

(3) ऐसा सागर जिसमें ज्वार-भाटे बहुत तीव्र गति से आते हैं

(4) ऐसा सागर जिसमें जहाज चलाना खतरनाक होता है

**70.** Anjali desires to emphasize on cultural/regional diversity in food habits, while teaching the topic on 'Food' to Class III students. Which one of the following learning experiences given to students can bring about the desired result?

(1) Use a chart showing foods of different cultures/regions and explain

(2) Ask students from different cultures/regions to bring food from home, display it and share the information with classmates

(3) Explain the information given in the textbook about different foods in greater detail

(4) Request an external professional cooking agency to display food of different regions/ cultures

**70.** कक्षा III के विद्यार्थियों को 'भोजन' का पाठ पढ़ाते समय अंजलि भोजन सम्बन्धित आदतों में सांस्कृतिक/क्षेत्रीय विविधता पर विशेष ध्यान देना चाहती है। नीचे दिए गए अधिगम-अवसरों में किसके द्वारा विद्यार्थियों को वांछित जानकारी दी जा सकती है?

(1) विभिन्न क्षेत्रों/संस्कृतियों के भोजन को दर्शाने वाले चार्ट का उपयोग और उसकी व्याख्या करना

(2) विभिन्न क्षेत्रों/संस्कृतियों के विद्यार्थियों से उनके घरों में खाए जाने वाले भोजन मँगाकर प्रदर्शित करना और सहपाठियों से सूचनाओं का आदान-प्रदान करना

(3) पाठ्यपुस्तक में विभिन्न प्रकार के भोजनों के विषय में दी गयी जानकारी की और विस्तृत व्याख्या करना

(4) किसी बाहरी भोजन बनाने वाली व्यावसायिक एजेन्सी को आग्रह करके विभिन्न क्षेत्रों/ संस्कृतियों के भोजन का प्रदर्शन कराना



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**71.** Preeti wants to lay greater emphasis on 'Pollution' while teaching environmental concerns to Class V students. Which one of the following activities is likely to be most effective in achieving the desired objective?

(1) Asking students to prepare charts on different kinds of pollution

(2) Taking students on a field visit to a polluted river

(3) Asking students to take up group projects related to different kinds of pollution

(4) Inviting experts to talk on air, water and noise pollution

**72.** Neha uses the following assessment techniques in the subject of EVS for Class V :

I. Hands-on activities assessment

II. Home assignment assessment

III. Project work assessment

IV. Oral testing

Which one of the following pairs of techniques is likely to be more objective assessment?

(1) II and III

(2) I and IV

(3) II and IV

(4) I and II

**71.** कक्षा V के विद्यार्थियों को पर्यावरणीय चिन्ताओं के बारे में पढ़ाते समय प्रीति 'प्रदूषण' पर अधिक बल देना चाहती है। वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए नीचे दिए गए क्रियाकलापों में से कौन सर्वाधिक प्रभावी हो सकता है?

(1) विद्यार्थियों से विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों के चार्ट बनवाकर

(2) विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाकर किसी प्रदूषित नदी को दिखाना

(3) विद्यार्थियों से विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों से सम्बन्धित समूह परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए कहना

(4) किसी विशेषज्ञ को निमंत्रित करके वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण पर भाषण

**72.** नेहा कक्षा V के EVS विषय में नीचे दी गई मूल्यांकन तकनीक का प्रयोग करती है :

I. हस्तसिद्ध क्रियाकलापों का मूल्यांकन

II. गृहकार्य मूल्यांकन

III. परियोजना कार्य मूल्यांकन

IV. मौखिक परीक्षा

नीचे दी गयी तकनीकों का कौन-सा युगल अधिक वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन दे सकता है?

(1) II और III

(2) I और IV

(3) II और IV

(4) I और II



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**73.** A good home assignment in EVS should primarily focus on

(1) revision and reinforcement

(2) mastery learning

(3) challenge and excitement for extended learning

(4) better utilization of time

**74.** Shalini has planned a field trip for Class IV students to the Science Centre. Which one of the following general instructions given to the students is irrelevant for the trip?

(1) Ask questions for your doubts on displays

(2) Carry your full schoolbag for the day

(3) Do not go anywhere without informing me

(4) Take a notepad and pen with you

**75.** Good EVS curriculum at primary stage should

(1) include more practice questions in end exercises

(2) provide opportunities to explore surroundings

(3) focus more on detailed explanation of concepts

(4) emphasize more on exact definition of terms

**73.** EVS में किसी अच्छे गृहकार्य को मुख्यतः किस पर केन्द्रित होना चाहिए?

(1) पुनरावृत्ति और प्रबलीकरण

(2) मास्टरी लर्निंग

(3) विस्तारित अधिगम के लिए चुनौतियाँ और उत्तेजना

(4) समय का सदुपयोग

**74.** शालिनी ने कक्षा IV के विद्यार्थियों को विज्ञान केन्द्र दिखाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण की योजना बनाई है। नीचे दिया गया कौन-सा सामान्य निर्देश इस भ्रमण के लिए अप्रासंगिक है?

(1) प्रदर्शन के समय अपनी शंकाओं के विषय में प्रश्न पूछना

(2) अपना दिनभर का पूरा बस्ता लेकर आना

(3) बिना मुझे सूचित किए कहीं न जाना

(4) अपने साथ पेन और नोटपैड ले जाना

**75.** प्राथमिक स्तर की अच्छी EVS पाठ्यचर्या में होना चाहिए

(1) पाठ के अन्त में अधिक अभ्यास-प्रश्न सम्मिलित करना

(2) अपने आस-पास को खोजने के अवसर प्रदान करना

(3) संकल्पनाओं की विस्तृत व्याख्या पर अधिक एकाग्रता

(4) पदों की यथार्थ परिभाषा पर अधिक बल देना



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**76.** Poems and stories have been included in EVS textbooks for primary stage in order to

(1) develop literary skills in students

(2) provide fun and enjoyment in learning of the subject

(3) enhance understanding of fundamental concepts

(4) have a change in routine and monotony of presentation of content

**77.** Four perspective teachers were asked to make a presentation on the theme 'Travel' to Class V students. Each of them mainly focussed on one of the following strategies

(1) Using charts to show different modes of travel along with explanation

(2) Using textbook content to explain different modes of travel

(3) Asking students to collect pictures of different modes of travel and prepare a scrapbook

(4) Asking students to narrate their own travel experiences using various modes of travel

**78.** Think and Discuss' section in one chapter of EVS textbook in Class V includes the following statement :

"What would happen if you don't get petrol or diesel for a week in your village or town?"

The statement primarily aims at

(1) sensitizing students on using oil *judiciously*

(2) assessing students on sources of petrol and diesel

(3) promoting imaginative and thinking skills to understand real life concerns

(4) creating awareness about scarcity of petrol and diesel

**76.** प्राथमिक स्तर की EVS पाठ्य-पुस्तकों में कविताएँ और कहानियाँ सम्मिलित करने का कारण है

(1) विद्यार्थियों में साहित्यिक रुचि विकसित करना

(2) विषय के अधिगम में आमोद-प्रमोद प्रदान करना

(3) मूल संकल्पनाओं के अधिगम में वृद्धि करना

(4) विषय-वस्तु को प्रस्तुत करने की नित्यचर्या और एकरसता में परिवर्तन

**77.** चार भावी शिक्षकों से कक्षा V के विद्यार्थियों के लिए मूल विषय 'यात्रा' पर प्रस्तुतीकरण बनाने के लिए कहा गया। प्रत्येक ने निम्नलिखित नीतियों में से किसी एक पर मुख्य रूप से केन्द्रित किया

(1) यात्रा के विभिन्न साधनों/विधियों को दर्शाने वाले चार्ट का उपयोग और उनकी व्याख्या

(2) पाठ्य-पुस्तक की विषय-वस्तु के उपयोग द्वारा यात्रा की विभिन्न विधियों की व्याख्या

(3) विद्यार्थियों से यात्रा के विभिन्न साधनों के चित्र एकत्र करके स्क्रैपबुक बनाने के लिए कहना

(4) विद्यार्थियों से यात्रा में उपयोग किए गए विभिन्न साधनों के अनुभवों का वर्णन करने के लिए कहना

**78.** कक्षा V की EVS की पाठ्य-पुस्तक के किसी पाठ में 'सोचिए और चर्चा कीजिए' भाग में नीचे दिया गया कथन लिखा है :

"यदि आपके गाँव अथवा शहर में एक सप्ताह तक पेट्रोल अथवा डीज़ल न हो, तो क्या होगा?"

इस कथन का मुख्य उद्देश्य है

(1) छात्रों को तेल के न्यायसंगत उपयोग के बारे में संवेदनशील बनाना

(2) छात्रों का पेट्रोल और डीज़ल के स्रोतों के बारे में मूल्यांकन

(3) वास्तविक जीवन की चिन्ताओं को समझने हेतु कल्पना और सोचने-विचारने की कुशलता को बढ़ावा देना

(4) पेट्रोल और डीज़ल की कमी के बारे में जागृति उत्पन्न करना



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**79.** The technique of 'Classroom questioning' in teaching of EVS can be used best for

(1) drawing attention of students

(2) arousing curiosity in the learners

(3) promoting practical skills

(4) maintaining discipline in the class

**80.** One of the major objectives of teaching of EVS at primary stage is to

(1) develop in-depth understanding of basic concepts of the subject

(2) prepare students for studies at the next stage

(3) help the learners link classroom learning to life outside the school

(4) acquire skills to carry out hands-on activities independently

**81.** Which one of the following is ***not*** a suitable activity at primary stage to sensitize students to the concept of conservation of trees?

(1) Organizing a slogan-writing competition on trees

(2) Encouraging every student to adopt a tree and look after it

(3) Showing children storage of logs of wood

(4) Organizing a poster-making competition on trees

**79.** EVS की पढ़ाई में 'कक्षा में प्रश्नोत्तर' तकनीक का सबसे अच्छा उपयोग किसके लिए किया जा सकता है?

(1) विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए

(2) शिक्षार्थियों में सीखने की जिज्ञासा उत्पन्न करने के लिए

(3) प्रायोगिक कौशल को बढ़ावा देने के लिए

(4) कक्षा में अनुशासन बनाए रखने के लिए

**80.** प्राथमिक स्तर पर EVS की पढ़ाई का एक प्रमुख उद्देश्य है

(1) विषय की मूल संकल्पनाओं की गहन समझ विकसित करना

(2) अगले स्तर के अध्ययन के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना

(3) कक्षा की पढ़ाई को शिक्षार्थी के विद्यालय से बाहर के जीवन से सम्बन्धित करने में सहायता करना

(4) स्वतंत्र रूप से हस्तसिद्ध क्रियाकलापों को करने का कौशल अर्जित करना

**81.** प्राथमिक स्तर पर, वृक्षों के संरक्षण की संकल्पना के बारे में विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाने के लिए नीचे दिया गया कौन-सा क्रियाकलाप उपयुक्त **नहीं** है?

(1) वृक्षों पर नारा-लेखन (slogan writing) प्रतियोगिता आयोजित करना

(2) प्रत्येक छात्र को एक वृक्ष को अपनाकर उसकी देखरेख के लिए प्रोत्साहित करना

(3) बच्चों को लकड़ी के लट्ठों का भण्डार दिखाना

(4) वृक्षों पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित करना



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**82.** While teaching the topic on 'Water' in her EVS classroom, Anjali organizes role-play on different sources of water and individual actions to conserve water. The activity is primarily aimed at

(1) improving social skills of students

(2) breaking monotony in the process of learning

(3) ensuring active participation of students in the process of learning

(4) enhancing students' knowledge on sources of water

**83.** EVS curriculum at primary stage has been developed to include pure Science as well as Social Science concepts. This has been done primarily to

(1) enable a learner look at environment in a holistic manner

(2) reduce the number of subjects to be studied

(3) reduce the load of schoolbag

(4) reduce the requirement of subject teachers

**84.** Which one of the following will be more effective learning experience to emphasize more on social inequalities in an EVS class?

(1) Showing video films on related issue

(2) Organizing special lectures on related issue

(3) Conducting a quiz contest on the issue

(4) Asking the students to undertake group projects

**82.** EVS की कक्षा में 'जल' का पाठ पढ़ाते समय अंजलि ने अपनी कक्षा में जल के विभिन्न स्रोतों और जल को संरक्षित करने के लिए व्यक्तिगत क्रियाओं पर रोल-प्ले आयोजित किया। इस क्रियाकलाप का मुख्य उद्देश्य है

(1) विद्यार्थियों की सामाजिक कुशलताओं में सुधार करना

(2) अधिगम की प्रक्रिया में एकरसता को तोड़ना

(3) अधिगम की प्रक्रिया में विद्यार्थियों का सक्रिय भाग लेना सुनिश्चित करना

(4) जल के स्रोतों के विषय में विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करना

**83.** प्राथमिक स्तर के EVS की पाठ्यचर्या को शुद्ध विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की संकल्पनाओं को सम्मिलित करके विकसित किया गया है। ऐसा करने का मुख्य उद्देश्य है

(1) शिक्षार्थी को पर्यावरण को साकल्यवादी ढंग से देखने-योग्य बनाना

(2) पढ़ाई के विषयों की संख्या को कम करना

(3) विद्यार्थी के बस्ते का बोझ कम करना

(4) विषय-अध्यापकों की आवश्यकता को कम करना

**84.** EVS कक्षा में सामाजिक असमानताओं पर अधिक बल देने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अधिक प्रभावी अधिगम अनुभव होगा?

(1) सम्बन्धित मामलों (समस्याओं) पर वीडियो फिल्म दिखाना

(2) सम्बन्धित मामलों (समस्याओं) पर विशिष्ट भाषण आयोजित करना

(3) सम्बन्धित मामलों पर क्विज़ प्रतियोगिता (प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता) का संचालन

(4) विद्यार्थियों से समूह परियोजनाओं का भार अपने ऊपर लेने के लिए कहना



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**85.** While discussing liking and disliking a student says, "I and my mother both love to eat snakes. Whenever we feel like eating snakes, we go to a nearby hotel and eat Ling-hu-fen." This student must belong to

(1) Assam

(2) Hong Kong

(3) Odisha

(4) Arunachal Pradesh

**86.** Study the following statements about Braille script :

I. Braille is written on a thick paper by making dots (raised points).

II. This script is based on eight points.

III. Rows of dots are made with a pointed tool.

IV. It is read by running the fingers on the raised dots.

The correct statements are

(1) I, III and IV

(2) I, II and IV

(3) II, III and IV

(4) I, II and III

**85.** पसन्द-नापसन्द के बारे में चर्चा करते समय किसी छात्र ने कहा, "मुझे और मेरी माँ दोनों को साँप खाना बहुत पसन्द है। जब भी हमारी साँप खाने की इच्छा होती है, हम पास के किसी होटल में जाकर लिंग-हू-फेन खाते हैं।" यह छात्र कहाँ का हो सकता है?

(1) असम

(2) हांग कांग

(3) ओडिशा

(4) अरुणाचल प्रदेश

**86.** ब्रेल लिपि के बारे में नीचे दिए गए कथनों का अध्ययन कीजिए :

I. ब्रेल को मोटे कागज़ पर बिन्दु (उभरे बिन्दु) बनाकर लिखा जाता है।

II. यह लिपि आठ बिन्दुओं पर आधारित होती है।

III. बिन्दुओं की पंक्तियाँ किसी नुकीले औज़ार से बनाई जाती हैं।

IV. इसे उभरे बिन्दुओं पर हाथ फेरकर पढ़ा जाता है।

सही कथन हैं

(1) I, III और IV

(2) I, II और IV

(3) II, III और IV

(4) I, II और III



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**87.** Select the correct statements from the following :

A. Animals that have outside ears and hair on their body give birth to the young ones.

B. Animals that do not have outside ears and hair on their body lay eggs.

C. Animals that do not have outside ears and hair on their body give birth to the young ones.

D. Animals that have outside ears and hair on their body lay eggs.

(1) A and C only

(2) B and D only

(3) B and C only

(4) A and B only

**88.** Select the correct statements about beekeeping :

I. January to March is the best time to start beekeeping.

II. Honeybees are attracted to the Lichi flowers.

III. Boxes are needed for keeping bees and storing honey produced by them.

IV. Sugar is purchased to make syrup for honeybees.

(1) II and III only

(2) I and IV only

(3) II, III and IV

(4) I and II only

**87.** निम्नलिखित में से सही कथन चुनिए :

A. जिन जानवरों के बाहरी कान व शरीर पर बाल होते हैं, वे बच्चे देते हैं।

B. जिन जानवरों के बाहरी कान व शरीर पर बाल नहीं होते, वे अण्डे देते हैं।

C. जिन जानवरों के बाहरी कान व शरीर पर बाल नहीं होते, वे बच्चे देते हैं।

D. जिन जानवरों के बाहरी कान व शरीर पर बाल होते हैं, वे अण्डे देते हैं।

(1) केवल A और C

(2) केवल B और D

(3) केवल B और C

(4) केवल A और B

**88.** मधुमक्खी पालन के विषय में सही कथन चुनिए :

I. मधुमक्खी पालन शुरू करने का सबसे अच्छा समय जनवरी से मार्च तक है।

II. लीची के फूल मधुमक्खियों को लुभाते हैं।

III. मधुमक्खी पालने और उनके द्वारा उत्पादित शहद का भण्डारण करने के लिए बक्सों की आवश्यकता होती है।

IV. मधुमक्खियों के लिए मीठा घोल बनाने के लिए चीनी खरीदी जाती है।

(1) केवल II और III

(2) केवल I और IV

(3) II, III और IV

(4) केवल I और II



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**89.** A student noted down the following information in her diary about her journey from Ahmedabad to Nagarcoil :

| Date | Station | Arrival Time | Departure Time | Distance from Gandhidham (in kilometres) |
|---|---|---|---|---|
| 10.2.2014 | Ahmedabad | 11:30 a.m. | 11:50 a.m. | 301 |
| 12.2.2014 | Nagarcoil | 04:45 a.m. | 00:00 | 2649 |

From the above information, the following conclusions were drawn :

A. The distance between Ahmedabad and Nagarcoil is 2348 km.

B. The train covers this distance in 40 hours 55 minutes.

C. The train covers this distance in 28 hours 55 minutes.

D. The average speed of the train is about 80 km per hour.

The correct conclusions are

(1) A, C and D

(2) A, B and D

(3) A and B only

(4) A and C only

**90.** Which of the following information may be obtained from a reserved rail ticket?

A. Date and time of booking, date and time of start of journey

B. Coach number, berth number and fare

C. Name, age and sex of the passengers

D. Train number with name, boarding station and last station

E. Date and time of arrival at the destination

(1) A, B and D only

(2) A, B, C and D

(3) A, B, D and E

(4) A, C and E only

**89.** किसी छात्रा ने अपनी अहमदाबाद से नागरकोइल की यात्रा के बारे में अपनी डायरी में नीचे दी गयी जानकारी नोट की :

| दिनांक | स्टेशन का नाम | पहुँचने का समय | स्टेशन छोड़ने का समय | गाँधीधाम से दूरी (किलोमीटर में) |
|---|---|---|---|---|
| 10.2.2014 | अहमदाबाद | 11:30 प्रातः | 11:50 प्रातः | 301 |
| 12.2.2014 | नागरकोइल | 04:45 प्रातः | 00:00 | 2649 |

उपरोक्त जानकारी के आधार पर नीचे दिए गए निष्कर्ष निकाले गए :

A. अहमदाबाद से नागरकोइल की दूरी 2348 किलोमीटर है।

B. इस दूरी को रेलगाड़ी 40 घण्टे 55 मिनट में तय करती है।

C. इस दूरी को रेलगाड़ी 28 घण्टे 55 मिनट में तय करती है।

D. रेलगाड़ी की औसत चाल लगभग 80 किलोमीटर प्रति घण्टा है।

सही निष्कर्ष हैं

(1) A, C और D

(2) A, B और D

(3) केवल A और B

(4) केवल A और C

**90.** नीचे दी गयी कौन-कौन सी जानकारी एक आरक्षित रेल टिकट से प्राप्त की जा सकती है?

A. टिकट बुक कराने की तारीख और समय, यात्रा शुरू करने की तारीख और समय

B. डिब्बे का नंम्बर, बर्थ का नम्बर और किराया

C. यात्रा करने वालों का नाम, आयु और लिंग

D. ट्रेन का नम्बर और नाम, वह स्टेशन जहाँ से ट्रेन पकड़नी है और अंतिम स्टेशन का नाम

E. अंतिम स्टेशन पर पहुँचने की तारीख और समय

(1) केवल A, B और D

(2) A, B, C और D

(3) A, B, D और E

(4) केवल A, C और E



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CTET